दैनिक नवज्योति
Udaipur City - 28 Jan 2023 - Page 6

उदयपुर। युवा उद्यमियों से संवाद के दौरान लक्ष्यराज सिंह मेवाड़।

अपने हुनर पर कार्य करें स्टार्टअप-लक्ष्यराजसिंह

ब्यूरो नवज्योति/उदयपुर। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के आई-स्टार्ट तथा स्टार्टअप चौपाल की ओर से स्टार्टअप कॉन्क्लेव आयोजित किया गया। विभाग की संयुक्त निदेशक शीतल अग्रवाल ने बताया कि उदयपुर के आई-स्टार्ट नेस्ट इन्क्यूबेशन सेंटर में होने वाले इस कॉन्क्लेव में कई युवा स्टार्टअप्स ने भाग लिया, जिनके लिए विशेषज्ञों के सैशन व पैनल डिस्कशन आयोजित किए गए। आई-स्टार्ट नेस्ट इन्क्यूबेशन सेंटर के एसीपी (उप निदेशक) मनोज बिश्नोई ने बताया कि कॉन्क्लेव की शुरूआत में उदयपुर के लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने एंटरप्रेन्योरशिप का सफर साझा किया। साथ ही सभी स्टार्टअप से संवाद किया जिसमे उन्होंने स्टार्टअप को अपने हुनर पर काम करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा कहा कि आप जिस विषय में अच्छे हो उसी में काम करें, सभी लोगों को अपने साथ लेकर चलें जिससे आपको अपने व्यापार में सफलता अवश्य मिलेगी। चौपाल के संस्थापक सुमित श्रीवास्तव ने इस सत्र का संचालन किया। इसके बाद टाई, उदयपुर के प्रेसिडेंट विनर राठी, मारवाड़ी कैटलिस्ट (एमकेट्स) के संस्थापक सुशील शर्मा तथा आईकृस्टार्ट के प्रतिनिधि धवल सिंघल ने विस्तृत चर्चा की। अंत में एसीपी मनोज बिश्नोई ने सभी का आभार जताया।

छोटी-बड़ी खबरें